# झारखण्ड विशेष

# घटनाक्रम संग्रह क्विज

PDF

# The Series......

हिन्दवंशी

Useful for....

# JPSC & JSSC

झारखण्ड की प्रतियोगी परीक्षाओं पर केंद्रित

# झारखण्ड
# Current Affairs Quiz

## सेट - 4

1. निम्नलिखित में से झारखंड की किस महिला हॉकी खिलाड़ी ने भारतीय महिला हॉकी टीम की ओर से खेलते हुए 100 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने का गौरव हासिल किया है?

a. सलीमा टेटे

b. असुंता लकड़ा

c. संगीता कुमारी

d. निक्की प्रधान

## निक्की प्रधान

झारखंड की हॉकी खिलाड़ी निक्की प्रधान ने इंग्लैंड के खिलाफ भारत की ओर से खेलते हुए अंतरराष्ट्रीय मैचों का शतक पूरा कर लिया है।

निक्की प्रधान ने अपना अंतरराष्ट्रीय कैरियर 2015 में शुरू किया था।

2. 'ज्वारीय विघटन' (टाइडल डिसरप्शन) की घटना किस खगोलीय पिंड के आकर्षण से संबंधित है?

a. सूर्य का आकर्षण

b. चंद्रमा का आकर्षण

c. धूमकेतु का आकर्षण

d. ब्लैकहोल का आकर्षण

## ब्लैकहोल का आकर्षण

पहली बार शोधकर्ताओं ने ब्लैक होल द्वारा ब्रह्माण्डीय उथल-पुथल (कॉस्मिक कैटक्लिज्म) के तहत एक तारे को टूटते हुए देखा है।

ब्लैक होल द्वारा किसी तारे को खींचकर खुद में समा लेने की इस प्रक्रिया को 'ज्वारीय विघटन' (टाइडल डिसरप्शन) कहते हैं।

इस विनाशकारी खगोलीय घटना को नासा के ग्रहीय खोज के लिए भेजे गए उपग्रह ट्रांजिटिंग एक्सोप्लैनेट सर्वे सैटेलाइट (TESS) के द्वारा अवलोकित किया गया।

3. निम्नलिखित में से किस शहर में भारत का पहला फ्लोटिंग बास्केटबॉल कोर्ट आरंभ किया गया है?

a. पूरी

b. मुम्बई

c. कोच्चि

d. विशाखापट्नम

मुम्बई

नेशनल बास्केटबॉल एसोसिएशन के द्वारा मुंबई के बांद्रा वर्ली सीलिंक के पास अरब सागर में भारत का पहला फ्लोटिंग बास्केटबॉल कोर्ट आरंभ किया गया है।

4. केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार मनरेगा से कृषि संसाधनों के विकास करने के मामले में कौन सा राज्य शीर्ष स्थान पर है?

a. बिहार

b. मणिपुर

c. झारखंड

d. तेलंगाना

## झारखंड

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार मनरेगा से कृषि संसाधनों के विकास करने के मामले में झारखंड देश में अव्वल है।

मंत्रालय की ओर से जारी इस रैंकिंग में झारखंड पहले पायदान पर जबकि तेलंगाना एवं लक्षद्वीप क्रमशः दूसरे एवं तीसरे स्थान पर हैं।

मनरेगा के तहत झारखंड में खेती की संरचनागत विकास पर मनरेगा के कुल खर्च का लगभग 97 प्रतिशत खर्च होता है।

5. निम्नलिखित में से किस तारीख को विश्व शिक्षक दिवस मनाया जाता है?

a. 5 सितम्बर

b. 5 अक्टूबर

c. 5 नवम्बर

d. 5 दिसम्बर

5 अक्टूबर

पूरे विश्व में 05 अक्टूबर को विश्व शिक्षक दिवस मनाया जाता है।

इस साल के विश्व शिक्षक दिवस की थीम 'Young Teachers: The future of the Profession' है।

6. कोमोरोस के राष्ट्रपति ने किस भारतीय व्यक्ति को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द आर्डर आफ द ग्रीन क्रिसेंट' से सम्मानित किया है?

a. नरेन्द्र मोदी

b. रामनाथ कोविंद

c. एम. वेंकैया नायडू

d. अरविन्द केजरीवाल

## एम. वेंकैया नायडू

कोमोरोस के राष्ट्रपति ने भारतीय उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द आर्डर आफ द ग्रीन क्रिसेंट' से सम्मानित किया।

7. '59वीं राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप' का आयोजन निम्नलिखित में से किस शहर में किया गया?

a. राँची

b. नासिक

c. रायपुर

d. गुवाहाटी

## राँची

59वीं राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन झारखंड की राजधानी रांची के बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम में किया गया।

चैंपियनशिप में रेलवे की टीम 264.5 अंक के साथ ओवरऑल चैंपियन रही।

पुरुष वर्ग में नेशनल रिकॉर्ड बनाने वाले तेजिंदरपाल सिंह तूर 1176 अंक व महिला वर्ग में नेशनल रिकॉड बनाने वाली दुती चंद 1152 अंकों के साथ सर्वश्रेष्ठ एथलीट चुनी गईं।

8. 'ट्रांस-हिमालयन कनेक्टिविटी नेटवर्क' को लेकर किन दो देशों के बीच समझौता हुआ है?

a. चीन नेपाल

b. चीन भूटान

c. भारत नेपाल

d. भारत भूटान

चीन नेपाल

चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और नेपाली पीएम केपी शर्मा ओली के बीच 'ट्रांस-हिमालयन कनेक्टिविटी नेटवर्क' को लेकर समझौता हुआ है।

ट्रांस-हिमालयन कनेक्टिविटी नेटवर्क नेपाल को चीन के प्रोजेक्ट द बेल्ट एंड रोड इशिनिएटिव (BRI) से लिंक करेगी।

9. निम्नलिखित में से किस व्यक्ति को जम्मू-कश्मीर का पहला उपराज्यपाल नियुक्त किया गया है?

a. किरण बेदी

b. अनिल बैजल

c. गिरीश चंद्र मुर्मू

d. राधा कृष्ण माथुर

गिरीश चंद्र मुर्मू

केंद्र सरकार ने गुजरात कैडर के IAS अधिकारी गिरीश चंद्र मुर्मू को जम्मू-कश्मीर का उपराज्यपाल बनाया है।

10. बालिकाओं के सशक्तिकरण के उद्देश्य से निम्नलिखित में से किस राज्य में 'मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना' की शुरुआत की गई है?

a. बिहार

b. राजस्थान

c. मध्यप्रदेश

d. उत्तरप्रदेश

उत्तरप्रदेश

राज्य में बालिकाओं का सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना' लॉन्च की है।

इस योजना के तहत किसी भी परिवार में बालिका के जन्म पर प्रत्येक परिवार को 15,000 रुपये प्रदान किये जाएँगे।

11. वैश्विक इनोवेशन इंडेक्स की तर्ज पर तैयार 'इंडिया इनोवेशन इंडेक्स' में 17 बड़े राज्यों की सूची में झारखंड को कौन सा स्थान प्राप्त हुआ है?

a. पहला

b. पांचवाँ

c. चौदहवाँ

d. सत्रहवाँ

सत्रहवाँ

नीति आयोग के द्वारा जारी 'इंडिया इनोवेशन इंडेक्स' में कर्नाटक पहले स्थान पर, तमिलनाडु दूसरे स्थान पर तथा महाराष्ट्र तीसरे स्थान पर है।

वैश्विक इनोवेशन इंडेक्स की तर्ज पर तैयार इंडिया इनोवेशन इंडेक्स में 17 बड़े राज्यों की सूची में झारखंड अंतिम स्थान पर है।

12. टाटा ट्रस्ट्स द्वारा जारी 'इंडिया जस्टिस रिपोर्ट' के अनुसार पूरे देश में लोगों को न्याय दिलाने के मामले में कौन सा राज्य शीर्ष पर है?

a. मणिपुर

b. महाराष्ट्र

c. तमिलनाडु

d. पश्चिम बंगाल

## महाराष्ट्र

भारतीय न्याय प्रणाली के संबंध में टाटा ट्रस्ट्स द्वारा जारी 'इंडिया जस्टिस रिपोर्ट' के अनुसार, पूरे देश में लोगों को न्याय दिलाने के मामले में महाराष्ट्र प्रथम, केरल द्वितीय और तमिलनाडु तृतीय स्थान पर है।

न्याय दिलाने के मामले में उत्तर प्रदेश बड़े राज्यों में सबसे निचले पायदान पर है।

इंडिया जस्टिस रिपोर्ट चार मानकों पुलिस, न्यायपालिका, जेल और कानूनी सहायता को केंद्र में रख कर तैयार किया गया है।

13. निम्नलिखित में से किस देश के प्रधानमंत्री ने सभी सातों प्रदेश के राज्यपालों को एक साथ बर्खास्त कर दिया?

a. नेपाल

b. श्रीलंका

c. मालदीव

d. पाकिस्तान

# नेपाल

नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने नेपाल के सभी सातों प्रदेश के राज्यपालों को बर्खास्त कर दिया।

बर्खास्त किए गए सभी राज्यपाल नेपाली कांग्रेस सरकार के समय नियुक्त हुए थे।

मौजूदा समय में नेपाल में कम्युनिष्ट पार्टी की सरकार है और केपी शर्मा ओली प्रधानमंत्री हैं।

14. निम्नलिखित में से किस जज ने झारखंड उच्च न्यायालय के 13 वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली है?

a. रवि रंजन

b. सुरेश गोगोई

c. लक्ष्मीकांत सिंह

d. रामनरेश गोस्वामी

## रवि रंजन

**जस्टिस डॉ रवि रंजन ने झारखंड उच्च न्यायालय के 13 वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली।**

15. वर्ष 2050 तक कार्बन उत्सर्जन को पूर्णतः समाप्त करने के उद्देश्य से किस देश की संसद ने "ज़ीरो कार्बन" बिल पारित किया है?

a. फ्रांस

b. ब्रिटेन

c. स्वीडन

d. न्यूजीलैंड

## न्यूजीलैंड

न्यूज़ीलैंड ने वर्ष 2050 तक कार्बन उत्सर्जन को पूर्णतः समाप्त करने के उद्देश्य से "ज़ीरो कार्बन" बिल पारित किया।

16. जाली या डुप्लिकेट उत्पादों की पहचान के लिए किस ई-कॉमर्स कंपनी ने भारत में 'प्रोजेक्ट जीरो' पेश किया है?

a. स्नैपडील

b. अमेजोन

c. फ्लिपकार्ट

d. आलीबाबा

# अमेजोन

ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने भारत में अपना 'प्रोजेक्ट जीरो' पेश किया है।

इसके जरिये विभिन्न ब्रांडों को जाली या डुप्लिकेट उत्पादों की पहचान के लिए अतिरिक्त माध्यम मिलेंगे तथा वे उन्हें अपने प्लेटफॉर्म से हटा सकेंगे।

17. विश्व के पहले मुस्लिम योग शिविर का आयोजन निम्न में से किस राज्य में किया जाएगा?

a. केरल

b. मिजोरम

c. उत्तराखंड

d. पश्चिम बंगाल

## उत्तराखंड

विश्व के पहले मुस्लिम योग शिविर का आयोजन उत्तराखंड के कोटद्वार में किया जाएगा।

इस योग शिविर में मुस्लिम समुदाय के लोग नमाज पढ़ने के साथ पतंजलि योगपीठ के द्वारा बताए गए योगासन भी करेंगे।

18. निम्नलिखित में से किस विधानसभा में 10वें राष्ट्रमंडल युवा संसद का आयोजन किया जाएगा?

a. बिहार विधानसभा

b. दिल्ली विधानसभा

c. महाराष्ट्र विधानसभा

d. उत्तरप्रदेश विधानसभा

## दिल्ली विधानसभा

दिल्ली विधानसभा में 10वें राष्ट्रमंडल युवा संसद का आयोजन किया जाएगा।

भारत में पहली बार किसी विधानसभा के अंदर राष्ट्रमंडल युवा संसद का आयोजन किया जा रहा है।

19. भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला (39th India International Trade Fair) 2019 में किन दो राज्यों को फोकस राज्य बनाया गया है?

a. बिहार और झारखंड

b. उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड

c. आंध्रप्रदेश और तेलंगाना

d. मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़

## बिहार और झारखंड

39 वें भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला (39th India International Trade Fair) 2019 का आयोजन प्रगति मैदान, नई दिल्ली में किया जा रहा है।

इस वर्ष मेले की थीम ‘व्यापार करने में सुगमता’ (Ease of Doing Business) है।

इस वर्ष अफगानिस्तान को मेले का 'भागीदार देश' दक्षिण कोरिया को मेले का 'फोकस देश' तथा बिहार और झारखंड को फोकस राज्य बनाया गया है।

20. महिलाओं पर हो रही हिंसा को रोकने के लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस किस दिन मनाया जाता है?

a. 3 मई

b. 11 जुलाई

c. 15 सितम्बर

d. 25 नवम्बर

हिन्दवंशी

## 25 नवम्बर

25 नवंबर को पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस मनाया जाता है।

यह दिवस महिलाओं पर हो रही हिंसा को रोकने के लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से मनाया जाता है।

21. केंद्र सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा किस राज्य को दिव्यांगजन पुनर्वास के क्षेत्र में सर्वोत्तम राज्य का पुरस्कार प्रदान किया गया?

a. बिहार

b. तेलंगाना

c. मध्यप्रदेश

d. उत्तरप्रदेश

## उत्तरप्रदेश

केंद्र सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में दिव्यांगजन पुनर्वास के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश को सर्वोत्तम पुरस्कार दिया गया।

सुगम्य भारत अभियान के क्रियान्वयन के लिए उत्तर प्रदेश को सर्वोत्तम राज्य का पुरस्कार प्रदान किया गया है।

विभाग की वेबसाइट को सर्वोत्तम दिव्यांग हितैषी वेबसाइट और सर्वश्रेष्ठ पुनर्वास सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए वाराणसी को सर्वोत्तम जिले का पुरस्कार प्रदान किया गया है।

22. अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस 2019 की थीम क्या है?

a. वीमेन एंड ह्यूमन राइट्स

b. स्टैंड अप फॉर ह्यूमन राइट्स

c. नो वन शुड लेफ्ट बिहाइंड

d. ह्यूमन राइट्स एंड सिटीजेनशिप

## स्टैंड अप फॉर ह्यूमन राइट्स

लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से दुनिया भर में हर साल 10 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है।

10 दिसम्बर 1948 को सर्वराष्ट्रीय मानव अधिकार घोषणापत्र संयुक्त राष्ट्र महासभा में निर्विरोध स्वीकार किया गया था जिसके उपलक्ष्य में हर वर्ष 10 दिसम्बर को अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है।

इस साल के मानवाधिकार दिवस की थीम 'स्टैंड अप फॉर ह्यूमन राइट्स' (Stand Up For Human Rights) है।

23. भारत में निमोनिया की परिस्थिति का विश्लेषण करने के लिए 'सेव द चिल्ड्रन' संस्था के द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक निमोनिया का एक्यूट रेस्पिरेटरी इन्फेक्शन (ARI) का प्रचलन दर निम्नलिखित में से किस राज्य में सबसे ज्यादा है?

a. बिहार

b. राजस्थान

c. झारखंड

d. उत्तरप्रदेश

## बिहार

भारत में निमोनिया की परिस्थिति का विश्लेषण करने के लिए 'सेव द चिल्ड्रन' संस्था के द्वारा बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड, मध्यप्रदेश और राजस्थान पर आधारित रिपोर्ट के मुताबिक, इन पांचों राज्यों में बिहार की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है।

इन राज्यों में निमोनिया का एक्यूट रेस्पिरेटरी इन्फेक्शन (ARI) का प्रचलन दर बिहार (18.2 फीसदी), उत्तर प्रदेश (15.9 फीसदी), झारखंड (12.8 फीसदी), मध्य प्रदेश (11.6 फीसदी) तथा राजस्थान (8.4 फीसदी) है।

24. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने निम्न में से किस शहर में राष्ट्रीय गंगा परिषद की प्रथम बैठक की अध्यक्षता की?

a. पटना

b. कानपुर

c. वाराणसी

d. कोलकाता

हिन्दवंशी

कानपुर

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कानपुर में राष्ट्रीय गंगा परिषद की प्रथम बैठक की अध्यक्षता की।

25. बैंकॉक में आयोजित '21वीं एशियाई तीरंदाजी प्रतियोगिता' किस महिला खिलाड़ी ने जीता है?

a. झानू हंसदा

b. दीपिका कुमारी

c. मधुमिता कुमारी

d. लक्ष्मीरानी माझी

## दीपिका कुमारी

दीपिका कुमारी ने बैंकॉक में आयोजित 21वीं एशियाई तीरंदाजी प्रतियोगिता में महिलाओं के व्यक्तिगत रिकर्व मुकाबले में स्वर्ण पदक जीता है।

दीपिका कुमारी ने फाइनल में एकतरफा मुकाबले में अंकिता भगत को 6-0 से हराया।

26. किस देश ने महात्मा गांधी के विचारों और उद्धरणों से प्रेरित 'गांधी नागरिकता शिक्षा पुरस्कार' आरंभ करने किये जाने की घोषणा की है?

a. ब्रिटेन

b. जापान

c. पुर्तगाल

d. दक्षिण अफ्रीका

## पुर्तगाल

पुर्तगाल के प्रधानमंत्री अंतोनियो कोस्टा ने महात्मा गांधी के आदर्शों को शाश्वत बनाए रखने हेतु उनके विचारों और उद्धरणों से प्रेरित 'गांधी नागरिकता शिक्षा पुरस्कार' आरंभ करने किये जाने की घोषणा की है।

अंतोनियो कोस्टा के अनुसार 'गांधी नागरिकता शिक्षा पुरस्कार' सामाजिक कल्याण के लिए समर्पित होगा।

27. निम्नलिखित में से किस टीम ने पहली बिग बाउट इंडियन बॉक्सिंग लीग का खिताब जीता है?

a. पंजाब पैंथर्स

b. बॉम्बे बुलेट्स

c. गुजरात जाइंटस

d. ओड़िसा वारियर्स

गुजरात जाइंटस

गुजरात जाइंटस ने पंजाब पैंथर्स को फाइनल में 4-3 से हराकर पहली बिग बाउट इंडियन बॉक्सिंग लीग का खिताब जीता है।

28. ट्रांसजेंडरों के लिए भारत के पहले विश्विद्यालय की स्थापना निम्नलिखित में से किस राज्य में की जाएगी?

a. महाराष्ट्र

b. झारखंड

c. तमिलनाडु

d. उत्तर प्रदेश

## उत्तर प्रदेश

**उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के फाजिलनगर खंड में ट्रांसजेंडरों के लिए भारत के पहले विश्विद्यालय की स्थापना की जाएगी।**

29. झारखंड के मुख्यमंत्रियों के क्रम में नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का सही क्रम क्या है?

a. 5वां

b. 8वां

c. 11वां

d. 14वां

11वां

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता हेमंत सोरेन ने झारखंड के 11वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है।

झामुमो ने कांग्रेस पार्टी और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के साथ गठबंधन कर विधानसभा चुनाव लड़ा और 81 सदस्यीय सदन में 47 सीटों के साथ सहज बहुमत हासिल किया।

झामुमो ने प्रदेश में हुए विधानसभा चुनावों में 30 सीटें जीती हैं, जबकि कांग्रेस और राजद ने क्रमश: 16 और एक सीट हासिल की हैं।

30. भारतीय वन सर्वेक्षण द्वारा जारी भारत वन स्थिति रिपोर्ट-2019 (India State of Forest Report, 2019) के अनुसार सर्वाधिक वनावरण प्रतिशत वाला राज्य निम्न में से कौन है?

a. झारखंड

b. नागालैंड

c. उत्तराखंड

d. मिजोरम

मिजोरम

भारतीय वन सर्वेक्षण द्वारा भारत वन स्थिति रिपोर्ट-2019 (India State of Forest Report, 2019) जारी की गई है।

रिपोर्ट के अनुसार मिजोरम (85.40%) सर्वाधिक वनावरण प्रतिशत वाला राज्य तथा मध्यप्रदेश (77482 वर्ग किलोमीटर) सर्वाधिक वन क्षेत्रफल वाला राज्य है।

source

hindvanshieducation.com

हिन्दवंशी